http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 68

प्रयागराज रविवार 24 नवम्बर 2024

पृष्ठः– 4, मूल्यः– एक रुपया

# सीएम योगी बोले– मोदी की नीति, नीयत और निर्णय पर जनता को विश्वास




लखनऊ, संवाददाता। यूपी उपचुनाव में मिली जीत के बाद भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। सीएम योगी आदित्यनाथ कुछ देर में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इससे पहले भाजपा कार्यालय में पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सीएम का स्वागत किया। सीएम योगी ने कहा कि नौ में से सात सीटों पर जीत का श्रेय पीएम मोदी को जाता है। पीएम पर लोगों को अटूट विश्वास है। ये जीत उसी का प्रमाण है। हम सब जनता का आभार व्यक्त करते हैं। सपा और इंडी की लूट और झूठ की राजनीति की समाप्ति की शुरुआत का ये परिणाम है।

**मोदी की नीति, नीयत और निर्णय पर जनता को विश्वास**

कहा कि जो जनादेश महाराष्ट्र में मिला, ये राम और राष्ट्र के आराधक नए भारत की जीत है। आंबेडकर का अपमान करने वालों की पराजय है। आज फिर से स्पष्ट हुआ है कि देश की जनता को मोदी की नीति, नीयत और निर्णय पर अटूट विश्वास है। तुष्टिकरण और सांप्रदायिकता के शॉर्टकट से सरकार बनाने का सपना देख रहे इंडी गठबंधन की ये पराजय है।

**सीसामाऊ के चुनाव को रद्द कराना चाहती थी सपा**

यूपी उपचुनाव के बारे में सपा ने मतदान के दिन से जो प्रलाप किया, उस पर जनता ने जो जवाब दिया है, कुंदरकी उसका उदाहरण है। सपा की जमानत जब्त होने वाली है। सपा सीसामाऊ के चुनाव को रद्द कराना चाहती थी। अब सिर्फ आठ हजार से जीत पाए हैं। करहल में सपा सिर्फ 14 हजार वोट से जीती है। जो केशव मौर्य ने कहा है उस ओर हम बढ़ रहे हैं।

**बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे**

सीएम ने दोहराया बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। ये देश की जनता ने माना है। कुंदरकी पर कहा कि राष्ट्रवाद, जड़ और मूल की जीत सबको अपना गोत्र याद आया। अपनी जीत याद आती है। इससे पहले सीएम योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट किया। लिखा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनावों में भाजपा–एनडीए की विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन पर जनता–जनार्दन के अटूट विश्वास की मुहर है। ये जीत डबल इंजन सरकार की सुरक्षा–सुशासन एवं जन–कल्याणकारी नीतियों तथा समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का सफल है।

**विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई**

मुख्यमंत्री ने लिखा कि उत्तर प्रदेश के सुशासन और विकास को अपना मत देने वाले उत्तर प्रदेश के सम्मानित मतदाताओं का आभार। सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई। उन्होंने एक बार फिर सचेत किया कि बटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे–सेफ रहेंगे।

## महाराष्ट्र में महायुति की जीत पर बोले पीएम मोदी

# एकजुट होकर हम भरेंगे ऊंची उड़ान

**● झारखंड के लिए हेमंत सोरेन को दी बधाई**



नई दिल्ली, एजेंसी। महाराष्ट्र में एनडीए की भारी जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विकास और सुशासन की जीत हुई। मोदी ने एक्स पर लिखा कि एकजुट होकर हम और भी ऊंची उड़ान भरेंगे! उन्होंने कहा कि एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए महाराष्ट्र की मेरी बहनों और भाइयों, विशेषकर राज्य के युवाओं और महिलाओं को हार्दिक आभार। यह स्नेह और गर्मजोशी अद्वितीय है। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि हमारा गठबंधन महाराष्ट्र की प्रगति के लिए काम करता रहेगा। जय महाराष्ट्र! मोदी ने आगे लिखा कि एनडीए के जन–समर्थक प्रयास सर्वत्र गूंज रहे हैं! मैं विभिन्न उप–चुनावों में एनडीए उम्मीदवारों को आशीर्वाद देने के लिए विभिन्न राज्यों के लोगों को धन्यवाद देता हूं। हम उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे जमीन पर उनके प्रयासों के लिए प्रत्येक एनडीए कार्यकर्ता पर गर्व है। उन्होंने कड़ी मेहनत की, लोगों के बीच गए और हमारे सुशासन के एजेंडे को विस्तार से बताया। झारखंड में जीत के लिए पीएम ने हेमंत सोरेन को बधाई दी है। उन्होंने लिखा कि मैं झारखंड के लोगों को हमारे प्रति उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। हम लोगों के मुद्दों को उठाने और राज्य के लिए काम करने में हमेशा आगे रहेंगे। मैं राज्य में उनके प्रदर्शन के लिए झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को भी बधाई देता हूं। महाराष्ट्र में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति ने महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन के खिलाफ अजेय बढ़ हासिल कर ली, जबकि झारखंड में 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस) सत्ता में वापसी करता दिख रहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती के साथ ही भाजपा में जश्न का माहौल है जहां 149 सीट पर चुनाव लड़ने वाली पार्टी 125 सीट जीतने की ओर अग्रसर है। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ मिलकर भाजपा नीत सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन राज्य की 288 सीट में से 219 सीट जीतने की ओर अग्रसर है, जबकि कांग्रेस–शिवसेना (उबाठा), राकांपा (एसपी) गठबंधन को सिर्फ 51 सीट पर ही जीत मिलने की संभावना है।

# चुनाव को भ्रष्टाचार का पर्याय बनाने के हथकंडे दुनिया के सामने उजागर : अखिलेश यादव

लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में विधानसभा की नौ सीट पर उपचुनावों में समाजवादी पार्टी (सपा) की करारी हार पर अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि चुनावको भ्रष्टाचार का पर्याय बनाने के हथकंडे तस्वीरों में कैद होकर दुनिया के सामने उजागर हो चुके हैं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, विधानसभा की नौ सीट पर हुए उपचुनाव में पांच सीट के परिणामों में समाजवादी पार्टी (सपा)को



सीसामऊ व करहल सीट जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गाजियाबाद, खैर और फूलपुर में जीत दर्ज की। हालांकि, अन्य चार सीट में से तीन पर भाजपा और एक सीट पर सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के उम्मीदवार आगे हैं। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "चुनावको भ्रष्टाचार का पर्याय बनाने वालों के हथकंडे तस्वीरों में कैद होकर दुनिया के सामने उजागर हो चुके हैं।

# मैं आधुनिक अभिमन्यु हूं, चक्रव्यूह तोड़ना जानता हूं.. महाराष्ट्र में बंपर जीत के बाद बोले देवेंद्र फडणवीस

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में भाजपा नीत महायुति की भारी जीत के बाद भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने आज कहा कि वह आधुनिक अभिमन्यु हैं जो फर्जी आख्यान के चक्रव्यूह को तोड़ना जानते हैं। बड़े समर्थन के लिए मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए, फडणवीस ने कहा कि आज के परिणाम से पता चला है कि पूरा राज्य नरेंद्र मोदी और उनके एक है तो सुरक्षित है के नारे के पीछे है। उन्होंने कहा कि सभी समुदाय के लोगों ने एक साथ आकर इसे सफल बनाया है। फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने हमें अप्रत्याशित जीत दिलाई है। इससे पता चलता है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं। उन्होंने जो नारा दिया था श्एक हैं तो सेफ हैंश, उसके अनुरूप सभी वर्गों और समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर हमें वोट दिया।



यह महायुति, सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम अजित पवार और रामदास अठावले की जीत है, यह एकता की जीत है। महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस सवाल पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुख्यमंत्री के चेहरे पर कोई विवाद नहीं होगा। पहले दिन से ही तय था कि चुनाव के बाद तीनों दलों के नेता एक साथ बैठेंगे और इस पर फैसला करेंगे। फैसला सभी को स्वीकार्य होगा, इस पर कोई विवाद नहीं है। फड़णवीस ने कहा कि मैंने पहले कहा था कि मैं आधुनिक अभिमन्यु हूं और चक्रव्यूह तोड़ना जानता हूं। मुझे लगता है कि इस जीत में मेरा योगदान छोटा है, यह हमारी टीम की जीत है। गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को फोन किया और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पार्टी के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। निर्वाचन आयोग के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भाजपा के नेतृत्व वाला 'महायुति' गठबंधन महाराष्ट्र में सत्ता बरकरार रखने की ओर अग्रसर है और 288 विधानसभा सीट में से 222 पर आगे है। भाजपा अब तक तीन सीट जीत चुकी है और अन्य 124 सीट पर बढ़त बनाए हुए है। फडणवीस के करीबी सूत्रों ने पुष्टि की कि शाह ने उन्हें फोन किया और पार्टी के मजबूत प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस बीच, देवेंद्र फडणवीस की मां सरिता फडणवीस ने 'महायुति' के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की।

# प्रियंका वायनाड लोकसभा सीट से चार लाख से अधिक मतों से जीती

वायनाड (केरल), एजेंसी। कांग्रेस महासचिव एवं यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को केरल के वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में 4,08,036 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की। श्रीमती वाड्रा की पहली बार संसद में प्रवेश है और उन्होंने अपने भाई एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के रिकॉर्ड अंतर को भी तोड़



दिया, जिन्होंने अप्रैल 2024 में वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लिए हुए चुनाव में 3,64,422 वोट हासिल किए थे। वैसे 2019 के लोकसभा चुनाव में श्री राहुल गांधी ने वायनाड सीट 4.31 लाख मतों के अंतर से जीती थी। श्रीमती वाड्रा को 6,17,942 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी और लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) के उम्मीदवार सत्यन मोकेरी को 2,09,906 वोट मिले और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार नव्या हरिदास को 1,09,202 वोट मिले। अप्रैल 2024 के लोकसभा चुनाव में श्री राहुल गांधी ने एलडीएफ उम्मीदवार एनी राजा को 3,64,422 वोटों के अंतर से हराया।

# पुलिस झंडा दिवस पर डीजीपी ने सीएम योगी को फ्लैग लगाकर किया सम्मानित

लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश पुलिस आज यानी 23 नवंबर को झंडा दिवस मना रही है। इस अवसर पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके सरकारी आवास पर फ्लैग लगाकर सम्मानित किया। इसके साथ डीजीपी ने सीएम योगी को मोमेंटो भेंट किया। वहीं, सीएम योगी ने पुलिस झंडा दिवस की शुभकामनाएं भी दी। बता दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस पूरे भारतवर्ष का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप 23 नवंबर, 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जी द्वारा पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है। यह ध्वज गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। इस अवसर पर यूपी पुलिस ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा,



उत्तर प्रदेश पुलिस ध्वज, विभाग के गौरवशाली इतिहास और वीर जवानों की कर्तव्यपरायणता का गौरवपूर्ण प्रतीक है। यह ध्वज हमारी शौर्यगाथाओं का अमिट धरोहर है, जो प्रत्येक क्षण हमें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक और समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। झंडा दिवस के विशेष अवसर पर, प्रशांत कुमार ने एडीजी एलओ अमिताभ यश एवं जीएसओ टू डीजीपी एन रविन्दर की उपस्थिति में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी को पुलिस कलर प्रदान कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। यह क्षण न केवल सम्मान और गौरव का प्रतीक था, बल्कि कर्तव्य, शौर्य और परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति भी। वहीं, सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट कर पुलिस झंडा दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने लिखा, भयमुक्त, अपराधमुक्त उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार कर रही उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी कर्तव्यनिष्ठ कार्मिकों और उनके परिजनों को पुलिस झंडा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं! श्परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम भाव को चरितार्थ कर रही यूपी पुलिस पर हमें गर्व है।


# केदारनाथ उपचुनाव में में भाजपा की ऐतिहासिक जीत

रुद्रप्रयाग, एजेंसी। उत्तराखंड के केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी आशा नौटियाल ने कांग्रेस के प्रत्याशी मनोज रावत को हराकर ऐतिहासिक जीत हासिल की। केदारनाथ विस उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल को 23814 मत हासिल हुए। जबकि दूसरे नम्बर पर रही कांग्रेस के प्रत्याशी मनोज रावत को 18192, निर्दलीय त्रिभुवन सिंह को 9311 तथा यूकेडी प्रत्याशी डॉ आशुतोष 1314 मत हासिल हुआ है। श्रीमती नौटियाल ने जीत के बाद सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केदारनाथ को लेकर किये गये ऐतिहासिक कार्यों और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विकास–परक सोच पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने केदारनाथ विधानसभा के लिए की गई छह सौ करोड़ की घोषणाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी मेरी है। जिन्हें में पूरीमानदारी से निभाऊँगी। उधर भाजपा के चुनाव प्रभारी रूद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी व जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार ने कहा कि संगठन की मेहनत और श्री मोदी व श्री धामी की नीतियों को जनता ने सराहा है। जीत के बाद कार्यकर्ताओं ने खूब जश्न मनाया। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी त्रिभुवन चौहान भी मतगणना स्थल में पहुँच कर कार्यकर्ताओं व जनता का आभार व्यक्त किया और कहा हमारी लडाई बंद नहीं होगी बल्कि अभी उन्होंने आगाज किया है।

## झारखंड में जीत पर बोले हेमंत सोरेन

# शानदार रहा इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन

**● पीएम मोदी का भी किया धन्यवाद**




रांची, एजेंसी। झारखंड विधानसभा चुनाव नतीजों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक बड़ा झटका दिया है। झामुमो के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक ने बढ़त हासिल कर ली है और राज्य में सत्ता बरकरार रखने की स्थिति में है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में लगातार दूसरी बार सत्ता में आने की राह पर हैं। ू.छ.क.ू.। ब्लॉक के प्रदर्शन ने झारखंड में अपने प्रभुत्व की पुष्टि की है, और भाजपा के आक्रामक अभियान का सफलतापूर्वक मुकाबला किया है। प्रेस से बात करते हुए सोरने ने कहा कि आज झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजे आ गए हैं। मैं सभी समुदायों के लोगों और राज्य के सभी किसानों, महिलाओं और युवाओं को बहुमत के साथ वोट देने और इस चुनाव को सफल बनाने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन सभी नेताओं को भी धन्यवाद देता हूं जो मैदान में थे और लोकतंत्र की ताकत को लोगों तक ले गए। उन्होंने कहा कि हम पूर्ण परिणाम का इंतजार कर रहे हैं जो जल्द ही घोषित किया जाएगा। उसके बाद हम आगे का फैसला लेंगे। झामुमो नेता ने कहा कि इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है, ये मुझे पता चला है। मैं समर्थन के लिए आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। इसके साथ ही उन्होंने बधाई के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद किया है। सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि यह सरकार अबुआ सरकार है।

# समाज सेवा

एक उम्र आने के पश्चात बहुत से लोगों में यह विचार पल्लवित होते रहते हैं कि वो अब क्या करें, अपना समय कैसे व्यतीत करें? सबके पास वो सुख भी नहीं होता कि वो एक बड़े परिवार का हिस्सा हैं जहां बेटे, बहू, और उनके बच्चे साथ रहते हों। ज्यादातर वरिष्ठजनों ने अपने बच्चों को पढ़ा–लिखा दिया और ये बच्चे अपनी जीविकोपार्जन करने में व्यस्त हो गए। कई तो माता–पिता से अलग शहर में भी रहने लगे। ऐसे में वरिष्ठजन अपने ज्ञान व अनुभव का भरपूर उपयोग कर सकते हैं समाज के लिए काम करके।

भारतीय परंपरा रही है कि हम केवल अपना नहीं सोचते हैं। हम अगर सक्षम हैं तो जरूरतमंद की सेवा करने में कभी पीछे नहीं रहते हैं। यही संस्कार हमें मिले हैं। हमारे तो लाखों–लाख मंदिरों में भी प्रत्येक दिन आरती के बाद जो जय घोष होता है उसमें एक स्वर में सब बोलते हैं 'विश्व का कल्याण हो'। वसुधैव कुटुम्बकम की नीति पर हम विश्वास करते हैं। यह एक संस्कृत वाक्यांश है और सनातन धर्म का मूल संस्कार और विचारधारा है, जिसका अर्थ है 'विश्व एक परिवार है'।

बचपन से हमने यही पाया है कि स्कूल, अस्पताल, रहने के लिए धर्मशाला, गौ पालन, प्याऊ लगवाना, वगैरह समाज की तरफ से उपलब्ध करवाये जाते थे। सौभाग्यवश परोपकारी व्यक्तियों की भी कमी नहीं है समाज में। अनेकानेक स्वयंसेवी संस्थाएं कार्यरत हैं जो जरूरतमंद लोगों के लिए बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं। बहुत सी ऐसी संस्थाओं में यह देखा गया है कि धन तो पर्याप्त उपलब्ध हो जाता है पर निर्धारित कार्य को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए योग्य व्यक्ति मिलने में कठिनाई आती है। इस मैन पावर की कमी को पढ़े–लिखे, अनुभवी लोग बखूबी पूरा कर सकते हैं। मेरा परिचय एक 80 वर्ष के व्यक्ति से है, जिन्हें रिटायर हुए कोई बाईस वर्ष हो गए। वो अपने–आपको एक शिक्षा संबंधित संस्थान से जुड़कर बहुत गौरवान्वित महसूस करते हैं। उनके अंदर दूसरों की सेवा करके एक ऐसी ऊर्जा उत्पन्न होती है जो उनके अच्छे स्वास्थ्य का राज है। उनके परिवार वाले व मित्रगण भी इस बात को स्वीकारते हैं कि इनके स्वस्थ रहने में सबसे बड़ा योगदान इनका इस संस्था में सेवा देना है। एक और परिचित वरिष्ठ व्यक्ति अपना काफी समय एक बड़े मंदिर के संचालन में लगाते हैं। इनके वहां जुड़ने से मंदिर के सभी कार्य सुचारू रूप से चलने लगे और भक्तों का आना भी बढ़ गया। इसी तरह बहुत से लोग गुरुद्वारों में भी किसी न किसी कार्य में अपना योगदान देते हैं।

किसी संस्था से जुड़ना इतना आसान भी नहीं है। जो लोग पहले से ही मैनेजमेंट में लगे हैं वो जल्दी किसी नए व्यक्ति को प्रवेश नहीं करने देते। उनमें अहम की भावना जागृत हो जाती है और कहीं–कहीं तो वित्तीय अनियमितता भी नजर आती हैं। ऐसा नहीं है कि अच्छे संस्थानों की कमी है। अपने विवेक से सही संस्थान को हमें स्वयं को ढूंढना होगा।अगर आपको अकेले काम करने में ज्यादा अच्छा लगता है तो समाज सेवा करने के और भी ऑप्शन्स हैं। कुछ दिन पहले ही एक मैसेज व्हाट्सएप पर पढ़ा कि एक व्यक्ति ने वर्षों की मेहनत करके पूरा का पूरा एक जंगल ही लगा दिया।एक बहुत ही सरल सा काम कोई भी कर सकते हैं –वो है गरीब जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाने का। इसके लिए कोई ज्यादा दूर जाने की भी आवश्यकता नहीं। अपने पास ही कई ऐसे गरीब परिवार मिल जाएंगे जो आर्थिक अभाव के कारण अपने बच्चे को स्कूल नहीं भेज सकते हैं। ऐसे बच्चो को पढ़ाने में अपना योगदान दिया जा सकता है। अखबार में छपा एक समाचार याद आ रहा है जिसमें बताया गया कि एक व्यक्ति ने अपने पास ही के एक कन्सट्रकशन साइट पर काम कर रहे मजदूरों के बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया। सेवा करने की भावना मन में आ जाए तो आगे का रास्ता स्वयं मिल ही जाएगा।

# आज का राशिफल



डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुलाःआज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनुः आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकरः आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभः आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीनः आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# शहरी कचरा प्रबंधन का ब्लू–प्रिंट

तोखन साहू,

हमारा देश अब स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की दसवीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। यह एक परिवर्तनकारी दशकीय यात्रा रही है, जिसके बारे में विचार करने पर प्रभाव बेहद गहरे नजर आते हैं। एक ऐसा मिशन जिसने भारत में स्वच्छता और सफाई के नए पैमाने स्थापित कर एक नई परिभाषा गढ़ी है। 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया यह मिशन केवल एक पहल नहीं, बल्कि एक आंदोलन था दृ हर एक नागरिक को स्वच्छ, स्वस्थ और शविकसित भारतत्र में योगदान देने का आह्वान। आज, एसबीएम ने अपना फोकस केवल शौचालयों के निर्माण और उन तक नागरिकों की पहुंच को बढ़ाने तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि इसमें विभिन्न समुदायों के लिए प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन पद्धतियां अपनाने के बारे में स्पष्ट रूप से मार्गदर्शन को भी शामिल किया है। यह बदलाव स्वच्छता के लिए जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देता है, सभी व्यक्तियों को अपने समाज की भलाई में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमारे प्रधानमंत्री ने इस पहल को आगे बढ़ाया, जिसके परिणामस्वरूप भारत खुले में शौच से मुक्त हुआ और हमारे समुदायों में जनभागीदारी की अनोखी अलख जगी।



शहरी क्षेत्रों में, एसबीएम ने अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण का नेतृत्व किया है। कुशल अपशिष्ट पृथक्करण प्रणालियों के कार्यान्वयन से लेकर अपशिष्ट–से–ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना तक, देश भर के शहरों ने आज अभिनव समाधान अपनाए हैं, जो कि वर्ष 2014–2024 के बीच हमारे माननीय प्रधानमंत्री कुशल मार्गदर्शन में दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है।स्वच्छ सर्वेक्षण के रूप में एक वार्षिक स्वच्छता सर्वे की शुरूआत हुई, जिसने शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया। इसने शहरों को सफाई और स्वच्छता संबंधी मानकों का स्तर बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया है, साथ ही स्वच्छता को स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ा है।

स्वच्छ भारत मिशन के मूल में समाज के हर वर्ग और समुदायों की सक्रिय भागीदारी है। स्कूली बच्चों से लेकर महिला समूहों तक, सभी नागरिक स्वच्छता के प्रहारी बन गए हैं। राज्य सरकारों ने स्थानीय स्तर पर राष्ट्रीय नीतियों को लागू किया है और स्वच्छता को लेकर स्पष्ट दिशा–निर्देश स्थापित किए हैं। उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों और अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ शहरों में विशिष्ट स्वच्छता संबंधी रणनीतियां तैयार की हैं। साथ ही, नगरपालिका कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण में भी निवेश किया गया है। राज्यों ने निरंतर प्रगति को ट्रैक करने और उसके आवश्यक समायोजन के लिए मजबूत निगरानी और मूल्यांकन तंत्र के साथ स्तर को बेहतर बनाया है, और स्वच्छ सर्वेक्षण का एक उपकरण के रूप में उपयोग किया है। विभिन्न क्षेत्रों के साथ सहयोग करके, मिशन ने स्थानीय निकायों, गैर सरकारी संगठनों और नागरिकों को एक साझा लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करने के लिए सशक्त बनाया है। पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप पर जोर देने के साथ–साथ संसाधन जुटाने और तकनीकी क्षेत्र में इनोवेशन प्रोसेस को आसान बनाया गया है, जिससे स्वच्छता संबंधी समाधान अधिक सुलभ और स्थायी बन गए हैं। इसके अतिरिक्त, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर जैसी पहल हमारे स्वच्छता नायकों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करती हैं और उनको मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाती हैं, जो सामुदायिक स्वास्थ्य की दिशा में भी मिशन के व्यापक दृष्टिकोण पर जोर देती हैं।

यह सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि स्वच्छता सेवाएं, समाज के बेहद पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए भी समावेशी एवं न्यायसंगत हों और एसबीएम ने यह काम सफलतापूर्वक किया है। इसी तरह के उदाहरणों में से एक है, जिसे मैंने भी करीब से देखा है और यह छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर में हुआ है। एक विकेंद्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन योजना के साथ लगभग 200,000 निवासियों वाले इस शहर ने लैंडफिल पर जाने वाले कचरे को प्रभावी रूप से घटाने का काम किया है और स्रोत पर ही इसके लिए विशेष प्रबंध किया गया है, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता भी प्राप्त हुई है। इस सफलता का एक प्रमुख हिस्सा 470 सफाईकर्मियों का एक समर्पित समूह है, जो शहर में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक प्रशिक्षित सजग महिलाओं का एक समूह है। उनके प्रयासों से अंबिकापुर नगर पालिका को न केवल राजस्व अर्जित करने में सफलता मिली है, बल्कि उस राजस्व को पुनरू सामुदायिक सेवाओं में निवेश करने में भी मदद मिली है, जिससे समावेशी रणनीतियों के सामाजिक–आर्थिक लाभ भी दिखाई दिए हैं।

अंबिकापुर में महिलाएं कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को संचालित करती हैं – संग्रह और पृथक्करण से लेकर प्रसंस्करण तक – वे कचरे को दायित्व के बजाय संसाधन के रूप में देखती हैं। यह मानसिकता रीसाइक्लिंग और मैटेरियल रिकवरी को प्रोत्साहित करती है, जिससे कचरा चक्र में आने वाले लूप प्रभावी रूप से बंद हो जाते हैं। समुदाय को जिम्मेदार कचरा निपटारे के बारे में शिक्षित करके, वे पर्यावरण रखरखाव में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देते हैं, आर्थिक अवसरों को खोलते हैं और स्थायी अभ्यासों को आगे बढ़ाते हैं। इस तरह निचले स्तर से विचार और काम शुरू करते हुए आज राज्यों को कचरा प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति करने में सक्षम बनाया गया है।

अंबिकापुर की श्महिलाओं के नेतृत्व में स्वच्छताच्च संबंधी पहल प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने की चाह रखने वाले टियर–ढ्ढढ्ढ और टियर–3 श्रेणी के शहरों के लिए एक आशाजनक ब्लू–प्रिंट है। जबकि प्रत्येक समुदाय को अलग–अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, अंबिकापुर मॉडल सामुदायिक भागीदारी द्वारा संचालित स्थानीय समाधानों की शक्ति को दर्शाता है। जैसे–जैसे शहरी आबादी बढ़ रही है और अपशिष्ट प्रबंधन तेजी से महत्वपूर्ण होता जा रहा है, दुनिया भर के शहर प्रेरणा के लिए अंबिकापुर की ओर देख सकते हैं। उचित समर्थन और प्रतिबद्धता के साथ, हम अपशिष्ट प्रबंधन को विकास और सशक्तीकरण के लिए एक संसाधन के स्वरूप में ढाल सकते हैं, जिससे विभिन्न समुदायों और हमारे पर्यावरण दोनों को लाभ होगा।

हमारे पास भारत भर में सशक्त महिलाओं के कई उदाहरण हैं, जो स्वच्छता और सफाई संबंधी मिशन के लक्ष्यों को बेहतर तरीके से हासिल करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हैं। आज महिलाएं, कचरा प्रबंधन से लेकर सामुदायिक शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी पहल करने में सबसे आगे हैं, ये प्रयास उन्हें आवश्यक परिवर्तनकारी कारक के रूप में प्रमाणित करते हैं। अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से, उन्होंने न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य में योगदान दिया है, बल्कि सफाई और स्वच्छता के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को भी बदला है। एसबीएम के अहम प्रभावों में से एक महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन भी रहा है, विशेष रूप से सफाई से जुड़ी भूमिकाओं में उन्होंने बड़ा योगदान दिया है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन जैसी पहलों ने महिलाओं को कचरा संग्रह, पृथक्करण और प्रसंस्करण में शामिल होने के लिए प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किए हैं। सफाईकर्मी के रूप में, महिलाएं वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त कर रही हैं और अपने समुदायों में अपनी स्थिति को बेहतर बना रही हैं। यह आर्थिक सशक्तीकरण उनके आत्म–सम्मान और मान्यता को प्रतिष्ठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो ट्रेडिशनल जेंडर नॉर्म्स को चुनौती देता है। महिलाएं सामुदायिक जुड़ाव और जागरूकता अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे परिवारों को स्वच्छता के प्रयासों, कचरे को अलग–अलग करने और स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करती हैं। उनकी भागीदारी स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा देती है, जो एसबीएम की पहलों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करती है।निष्कर्ष के तौर पर, एसबीएम में महिलाओं को शामिल करने से न केवल स्वच्छता पहलों की प्रभावशीलता बढ़ेगी, बल्कि सामाजिक–आर्थिक विकास और लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिलेगा। जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, मिशन लगातार विकसित हो रहा है। अब ध्यान स्वच्छता से जुड़े प्रयासों में स्थिरता सुनिश्चित करने, शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने और सर्कुलर इकॉनमी को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढने पर है। टेक्नोलॉजी और डेटा–ड्रिवन अप्रोच का उपयोग करके, हमारा लक्ष्य अपनी रणनीतियों को सुधारना और लोगों तक अपनी पहुंच का विस्तार करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि देश के हर कोने में स्वच्छता के लाभों को लोग अनुभव कर सकें। इसके अलावा, हमें भविष्य की पीढियों के संस्कारों में स्वच्छता और सफाई के मूल्यों को पिरोते रहना जारी रखना चाहिए। स्वच्छता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने वाले शैक्षिक कार्यक्रम, पिछले एक दशक में हमारे द्वारा मिशन को दी गई गति को कायम रखने में महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। जैसे–जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, आइए हम स्वच्छता की भावना को अपनाते हुए और इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए हाथ से हाथ मिलाकर चलें। एक बार फिर से स?वच?छता को स?वभाव और संस?कार से जोडना है। स्वच्छता की यह यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है, लेकिन दृढ़ संकल्प और सामूहिक श्रमदान के साथ, एक स्वच्छ, स्वस्थ भारत तक हमारी पहुंच सुनिश्चित हो चुकी है।

# वन नेशन, वन इलेक्शन को औपचारिक मंजूरी

भारतीय लोकतंत्र में इस समय मुख्य चुनौती सारे चुनाव एक साथ करा देने की नहीं, बल्कि जो चुनाव होते हैं, उनकी साख कायम रखने की है। ऐसी कई समस्याएं बढ़ती गई हैं, जिनकी वजह से भारतीय चुनावों पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं।केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रिय योजना वन नेशन, वन इलेक्शनत्र को औपचारिक मंजूरी दे दी है। इसका अर्थ यह है कि अब सरकार इस योजना को लागू करने की दिशा में काम करेगी। यह कैसे होगा, इसका मोटा खाका रामनाथ कोविंद कमेटी ने बनाया था। उसके मुताबिक लोकसभा चुनाव वाले वर्ष में सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव भी कराए जाएंगे। कोविंद कमेटी ने जब अपनी रिपोर्ट पेश की थी, तब भी इससे ज्यादा स्पष्टता नहीं बनी थी, ना कैबिनेट के हरी झंडी देने के बाद अब इसका पूरा ब्लू प्रिंट उभरा है। इसलिए कहा जाएगा कि अभी तक यह योजना महज एक इरादा ही है। सत्ता पक्ष चाहता, तो महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू–कश्मीर विधानसभाओं के चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ करवा कर इस योजना को अधिक विश्वसनीय बना सकती था। लेकिन बाकी बातें तो दूर, हरियाणा और जम्मू–कश्मीर के साथ–साथ महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव भी नहीं कर जा सके। वैसे भी भारतीय लोकतंत्र में इस समय मुख्य चुनौती सारे चुनाव एक साथ करा देने की नहीं, बल्कि जो चुनाव होते हैं,




उनकी साख बहाल करने की है।पहला मुद्दा निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता सुनिश्चित करने का था, जिसमें होनी वाली नियुक्ति प्रक्रिया को पिछले वर्ष सरकार ने मनमाने ढंग से बदल दिया। आम चुनाव के दौरान आयोग का रुख लगातार सवालों के घेरे में रहा। आयोग ने मतदान प्रतिशत बताने में जैसी देर की और बाद में गिरे वोटों की संख्या में जितनी वृद्धि बताई गई, उससे साख का संकट खड़ा हुआ है। चुनाव परिणाम को लेकर जैसे प्रश्न इस बारे उठे, वैसा भारत के चुनावी इतिहास में कभी नहीं हुआ था। इसके अलावा धन का कसता जा रहा शिकंजा चुनावों के प्रातिनिधिक दायरे को लगातार सिकोड़ रहा है। अब इसी पृष्ठभूमि में वन नेशन, वन इलेक्शन योजना सरकार ले आई है। स्वाभाविक है कि सहज गले लगाने के बजाय जनमत का एक बड़ा हिस्सा इसे विरोध भाव के साथ देखेगा। जन विश्वसनीयता और सहमति किसी लोकतंत्र के संचालन की पूर्व शर्त होती हैं। मगर वर्तमान सरकार ऐसे तकाजों की परवाह नहीं करती। फिर उसने वही नजरिया दिखाया है।

# भविष्य में आगे क्या होगा?'

भारतीय कार्बन बाजार का संचालन अब भी शुरुआती चरण में है, लेकिन जमीनी कार्य तेजी से आकार ले रहा है। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), जो आईसीएम के प्रशासक के रूप में कार्य करता है, वर्तमान में अनुपालन व्यवस्था में भाग लेने वाले उद्योगों के लिए क्षेत्र–विशिष्ट उत्सर्जन लक्ष्यों को अंतिम रूप दे रहा है। ये लक्ष्य भारत के एनडीसी के अनुरूप उत्सर्जन में कटौती हासिल करने की दिशा में कंपनियों का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण होंगे।

साथ ही, बीईई एक आईसीएम पोर्टल विकसित करने पर भी काम कर रहा है, जो एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है और यह कार्बन क्रेडिट के सुचारू व्यापार को सक्षम करेगा। यह आईटी अवसंरचना यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण होगी कि कार्बन बाजार कुशलतापूर्वक चले और लेनदेन सभी प्रतिभागियों के लिए पारदर्शी और सुलभ हो। इसके अतिरिक्त, बीईई कार्बन क्रेडिट के व्यापार को नियंत्रित करने वाले नियमों को विकसित करने के लिए केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) के साथ सहयोग कर रहा है, जिससे भारत के कार्बन बाजार के ढांचे को और मजबूत किया जा सके।



भारतीय कार्बन बाजार एक महत्वपूर्ण प्रभाव पैदा करने के लिए तैयार है, जिससे पर्यावरण और अर्थव्यवस्था दोनों को लाभ होगा। व्यवसायों को अपने उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रेरित करने और सफल होने वालों को पुरस्कृत करके, बाजार हरित प्रौद्योगिकियों की ओर बदलाव में तेजी लाता है। यह प्रणाली सुनिश्चित करती है कि कंपनियां अपने जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों की दिशा में अधिक लागत प्रभावी तरीके से काम कर सकें। समय के साथ, जैसे–जैसे अधिक उद्योग भाग लेंगे, कार्बन बाजार व्यवसायों को कार्बन क्रेडिट का व्यापार करने की अनुमति देकर कार्बन उत्सर्जन में कटौती की लागत को कम करने में सहायता करेगा। यह व्यापार उन कंपनियों को सक्षम बनाता है जिन्हें अपने उत्सर्जन को कम करना चुनौतीपूर्ण या महंगा लगता है, ताकि वे पहले से ही स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाने में अग्रणी लोगों से क्रेडिट खरीद सकें।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुत्तरश ने कार्बन बाजारों के महत्व पर बल देते हुए कहा, ष्हमें कार्बन उत्सर्जन अंतर को कम करने की आवश्यकता है और कार्बन बाजार उस रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकते हैं, जो स्वच्छ प्रौद्योगिकियों और प्रथाओं में निवेश को प्रोत्साहन दे सकते हैं।ष यह रेखांकित करता है कि कार्बन बाजार व्यवसायों और व्यक्तियों को उनके संचालन और प्रथाओं में सार्थक परिवर्तन में योगदान करने के लिए कैसे सशक्त बनाता है।

एक बाजार बनाने से जहां कार्बन क्रेडिट का व्यापार किया जा सकता है, व्यवसायों के लिए हरित प्रौद्योगिकियों को अपनाने की लागत अधिक प्रबंधनीय हो जाती है। प्रत्येक कंपनी स्थायी परिचालन में परिवर्तन का पूरा खर्च वहन करने के बजाय, प्रतिस्पर्धी बने रहते हुए धीरे–धीरे बदलाव ला सकती है। भारतीय कार्बन बाजार एक परिवर्तनकारी अवसर प्रस्तुत करता है, जिसमें वर्ष 2030 तक 15 अरब डॉलर का बाजार बनने की क्षमता है। इससे नवीकरणीय ऊर्जा, हरित प्रौद्योगिकियों और कम कार्बन नवाचारों में महत्वपूर्ण निवेश होगा। कार्बन डाइ ऑक्साइड के तीसरे सबसे बड़े उत्सर्जक के रूप में, भारत का कार्बन बाजार वैश्विक उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे देश को वर्श 2070 तक अपने महत्वाकांक्षी शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। यह दृष्टिकोण न केवल अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की दिशा में भारत की यात्रा को तेज करता है बल्कि व्यवसाय डीकार्बोनाइजेशन के वित्तीय बोझ को कम करने में सहायता भी करता है। अंततरू, भारतीय कार्बन बाजार भविष्य के लिए एक स्थायी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ समाधान का प्रतिनिधित्व करता है, जिससे धरती और अर्थव्यवस्था, दोनों को लाभ होता है।

# कब तक ओवरलोड वाहन रौंदेगी सड़के

कौशाम्बी। जिले की सड़कों पर ओवरलोड वाहनों की आवाजाही थम नहीं रही है। जिले का सरकारी अमला लाख दावे करें पर उसके तमाम दावे फेल हो रहें है। हर रोज आलानिया गिट्टी और बालू लदे ट्रक सड़कों को रौंदकर जिले की सरहद पार कर रहें है। अगर सच्चाई पर हम गौर करें तो इसमें भी खेल है। अब इस खेल को सरकारी मशीनरी किस नजरिया से देख रही है यह उसका नजरिया है, पर असल में आम लोगों के बीच में उनका यह नजरिया उन्हें ही सवालों के घेरे में खड़ा कर रहा है। यह भी तय है कि आम जनमानस के सवालों का मुकम्मल जवाब भी सरकारी मशीनरी के पास नहीं है। होगा भी क्यों क्योंकि यह असल में इस खेल को खिलाने वाला कौन है और खेल के खिलाड़ी कौन है यह जांच का विषय है? अब इस जांच का रूख क्या होगा यह समझने की जरूरत है।

गौरतलब है कि जनपद में सड़कों पर ओवरलोड बालू व गिट्टी लदे वाहनों की आवाजाहीं पर रोक लगाने के खातिर लखनऊ से लेकर कौशाम्बी तक तमाम फरमान जारी हुए, परंतु उन फरमानों का असर जमीन पर देखने को नहीं मिला है। नतीजा यह की आज भी ध ड़ल्ले से जिले की सड़कों पर ओवरलोड बालू व गिट्टी लदे वाहन फर्राटे भर रहे हैं, इन वाहनों की आवाजाही के चलते एक और जहां करोड़ों की लागत से तैयार हुई सड़के तबाह हो रही है। वहीं दूसरी ओर सरकार को राजस्व की भी मोटी चपत लग रही है। इस धन्धे में कारोबारी मोटा नावा समेट रहे हैं।

जानकारों की माने तो गाहे बगाहे जिले का सरकारी अमला कार्यवाही के नाम पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहनों को सीज और चालान जैसी कार्यवाही करके कागजी कोरम पूरा कर देती हैं, पर इस कार्यवाही के पीछे का सच आम लोगों के बीच कुछ और ही है। चर्चाओं की माने तो उन्हीं वाहनों पर कार्यवाही होती है जो इस खेल के दायरे से बाहर होते हैं। खेल का मतलब जिले में आने वाले वाहन या पड़ोसी जनपद से आने वाले वाहनों की फेहरिस्त कारोबार में लिप्त सेटिंग बाजो के पास होती हैं। हर वाहन की सेटिंग ऊपर से लेकर नीचे तक फिक्स होती है। उन्हीं के इशारे पर खेल में शामिल लोग आसानी से वाहनों को जिले की सरहद पार करने में मदद करते है। फेहरिस्त के अलावा जो वाहन जिले से गुजरते है। उनके साथ जो होता है वह जग जाहिर है। किन वाहनों को जिले की सरहद पार होना है और किन्हे नहीं यह सब इस खेल के खिलाड़ी मुकम्मल रखते हैं।

अब सूत्रों की माने तो इस खेल की बखूबी जानकारी सरकारी मशीनरी को है। पर सरकारी मशीनरी इस खेल में अंजान बनी हुई है। सूत्रों का तो यहां तक दावा है कि सरकारी मशीनरी के जिम्मेदार ही वाहनों की आवाजाही का रूट तक तय करते हैं। उदाहरण के तौर पर मौजूदा समय कबरई से आने वाली गिट्टी बैरमपुर गोराजू मार्ग से होते हुए जिले की सरहद पार करती है। इसी तरह बालू लदे वाहनों को भी सुरक्षित रूट के जरिए जिले के बाहर किया जाता है। जानकारों की माने तो ओवरलोड बालू व गिट्टी लदे वाहन अमूमन दिन निकलने से पहले ही जिले की सरहद पार कर जाते हैं।

## एसडीएम, तहसीलदार राजस्व वसूली की बढ़ाएं प्रगति

चित्रकूट। डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड कर–करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

डीएम ने परिवहन, राज्य कर, स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, राजस्व वसूली, नगर निकाय, कृषि, लोक निर्माण विभाग, मंडी, बांट माप, विद्युत, सिंचाई आदि विभिन्न विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की समीक्षा करते हुए कहा कि जो शासन से लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसी के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि विद्युत, बैंक, खनन व अन्य विभागों की वसूली बढ़ाएं। तहसीलदार वसूली पर विशेष ध्यान दें। बैठक में एडीएम उमेश चन्द्र निगम, आदि मौजूद रहे।

## देश को विश्व गुरु बनाना भाजपा का लक्ष्य

सुलतानपुर (आरएनएस)।भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए मजबूत व सक्रिय बूथ जरूरी है।भाजपा का राजनीतिक लक्ष्य देश को विश्व गुरु व सशक्त देश बनाना है।यह बातें भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने सुलतानपुर वि.स.के लोहरामऊ मण्डल की संगठन महापर्व कार्यशाला को बतौर मण्डल चुनाव अधिकारी संबोधित करते हुए कही।उन्होंने बूथ समिति चुनाव प्रक्रिया की चर्चा करते हुए कहा बूथ समिति में महिलाओं समेत दलित व पिछड़े वर्ग के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करनी है। मण्डल अध्यक्ष राम अभिलाष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला को पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला महामंत्री कृपा शंकर मिश्रा ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। उन्होंने कहा भाजपा कार्यकर्ताओं के बल पर दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना हैं।मण्डल प्रभारी डॉ संतोष सिंह ने वृत्त निवेदन किया। उन्होंने 14 शक्ति केन्द्र चुनाव अधिकारी की घोषणा की। उन्होंने संगठन चुनाव प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बूथ समिति चुनाव 20 से 25 नवम्बर के बीच आयोजित होंगे।

मण्डल अध्यक्ष राम अभिलाष सिंह ने आये हुए सभी लोगों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। संचालन महामंत्री अशोक वर्मा ने किया।


## कार्यालय, नगर पालिका परिषद भरवारी, जनपद – कौशाम्बी

पत्र संख्या : 2155 /न0पा0परि0भ0/निविदा/2024–25 दिनांक : 22.11.2024

### निविदा सूचना

स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के अन्तर्गत आने वाले किसी भी शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग मद में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कार्यो की निविदा दिनांक 30.11.2024 को आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा/टेण्डर कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी में दिनांक 02.12.2024 को अपराहन 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कक्ष में उपस्थित ठेकेदारों/फर्म के समक्ष खोली जायेगी। सम्बन्धित हस्ताक्षरयुक्त ब्लैक फार्म अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के लेखा लिपिक से दिनांक 23.11.2024 से दिनांक 30.11.2024 तक समय 12:00 बजे दिन तक वांछित धनराषि जमा कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा में सम्मिलित कार्यो का विस्तृत विवरण निम्नवत् है–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (रू0 में) | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | वार्ड न0 04 श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर (चक सईगंज) में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु स्थित पम्प हाउस में विद्युत कनेक्शन हेतु ट्रांसफार्मर, पोल, तार व सुपरविजन चार्ज का कार्य। | 435574.00 | 43558.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 02 | वार्ड न0 05 पं0 गिरधारी लाल मेहता नगर (जिल्लापर) में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु स्थित पम्प हाउस में विद्युत कनेक्शन हेतु ट्रांसफार्मर, पोल, तार व सुपरविजन चार्ज का कार्य। | 435574.00 | 43558.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 03 | वार्ड न0 09 सुभाष चन्द्र बोस नगर (दरियापुर मझियावां) में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु स्थित पम्प हाउस में विद्युत कनेक्शन हेतु ट्रांसफार्मर, पोल, तार व सुपरविजन चार्ज का कार्य। | 564697.00 | 564697.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 04 | वार्ड न0 12 कृष्णा नगर (मिश्रण का पुरवा) में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु स्थित पम्प हाउस में विद्युत कनेक्शन हेतु ट्रांसफार्मर, पोल, तार व सुपरविजन चार्ज का कार्य। | 435574.00 | 43558.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 05 | वार्ड न0 12 कृष्णा नगर (चकमाहपुर) में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु स्थित पम्प हाउस में विद्युत कनेक्शन हेतु ट्रांसफार्मर, पोल, तार व सुपरविजन चार्ज का कार्य। | 434862.00 | 43487.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 06 | वार्ड न0 15 देहदानी रमाशंकर नगर (सिंधिया आमद करारी) में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु स्थित पम्प हाउस में विद्युत कनेक्शन हेतु ट्रांसफार्मर, पोल, तार व सुपरविजन चार्ज का कार्य। | 442670.00 | 44267.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 07 | वार्ड न0 03 गौतमबुद्ध नगर (बालकमऊ) में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु स्थित पम्प हाउस में विद्युत कनेक्शन हेतु ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य। | 629003.00 | 62901.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 08 | वार्ड न0 11 सरदार बल्लभ भाई पटेल नगर (चक चमरूपुर) में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु स्थित पम्प हाउस में विद्युत कनेक्शन हेतु ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य। | 655440.00 | 65544.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 09 | वार्ड न0 14 सौहार्द नगर (धन्नी) में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु स्थित पम्प हाउस में विद्युत कनेक्शन हेतु ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य। | 715748.00 | 71575.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 10 | नगर पालिका परिषद भरवारी के मूरतगंज जोन कार्यालय का शिफटिंग कार्य। | 650698.00 | 65070.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 11 | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में IEC 01% व A&OE 02% हेतु प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत होर्डिग्स, बैनर, पोस्टर, स्टेशनरी सामान, मानव संसाधन विकास (कम्प्यूटर सेट की आपूर्ति) का कार्य। | 300202.00 | 30021.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 12 | मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में IEC 01% व A&OE 02% हेतु प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत होर्डिग्स, बैनर, पोस्टर, स्टेशनरी सामान, मानव संसाधन विकास का कार्य। | 219432.00 | 21944.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 13 | वार्ड न0 24 शहीद गुलाब सेन नगर (धनवन्तरी नगर) में स्थित पालिका स्टेडियम में वेस्ट टू वेंडर पार्क का कार्य। | 830000.00 | 83000.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 14 | नगर पालिका परिषद भरवारी सीमान्तर्गत ठण्ड से बचाव हेतु 1200 कुन्तल जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति का कार्य। | 840000.00 | 84000.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 15 | वार्ड न0 13 स्वामी विवेकानन्द नगर (सैता) में स्थित उगहिया का पूरा में मिट्टी डालने का कार्य। | 355800.00 | 35580.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 16 | वार्ड न0 15 देहदानी रमाशंकर नगर में आर.सी.सी. यू टाइप नाली का कार्य। | 531012.00 | 53102.00 | 590.00 | 01 माह |
| 17 | वार्ड न0 15 देहदानी रमाशंकर नगर में इण्टरलाकिंग सड़क का कार्य। | 563080.00 | 56308.00 | 590.00 | 01 माह |
| 18 | वार्ड न0 15 देहदानी रमाशंकर नगर के मलिन बस्ती में स्थित सामुदायिक शौचालय का नवीनीकरण का कार्य। | 436555.00 | 43656.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 19 | वार्ड न0 16 देहदानी डॉ0 राजेन्द्र नगर में 550 मीटर जी0आई0 पाइप लाइन का विस्तार कार्य। | 840950.00 | 84095.00 | 590.00 | 01 माह |
| 20 | वार्ड न0 20 केशव नगर में स्थित सामुदायिक शौचालय में नवीनीकरण का कार्य। | 830761.00 | 83077.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 21 | वार्ड न0 24 शहीद गुलाब सेन नगर में स्थित सामुदायिक शौचालय में नवीनीकरण का कार्य। | 497761.00 | 49777.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 22 | वार्ड न0 24 शहीद गुलाब सेन नगर में स्थित कार्यालय भवन में आर.आर.आर. रूम का कार्य। | 401936.00 | 40194.00 | 590.00 | 01 सप्ताह |
| 23 | वार्ड न0 24 शहीद गुलाब सेन नगर में 143 मीटर जी0आई0 पाइप लाइन का विस्तार कार्य। | 218647.00 | 21865.00 | 590.00 | 01 माह |
| 24 | वार्ड न0 10 मंगल पाण्डेय नगर में स्थित प्राथमिक विद्यालय नौढिया में शौचायल, पाइप लाइन, बाउण्ड्रीवॉल, गेट व फ्लोर का कार्य। | 351422.00 | 35143.00 | 590.00 | 01 माह |
| 25 | वार्ड न0 01 अम्बेडकर नगर (रमपुरवा) में रमपुरवा तिराहा से शिवचन्द के खेत तक नाली का निर्माण कार्य। | 842334.00 | 84234.00 | 590.00 | 01 माह |
| 26 | वार्ड न0 01 अम्बेडकर नगर (रमपुरवा) में पन्ना लाल के घर से शिव कुमार के खेत तक नाली का निर्माण कार्य। | 842334.00 | 84234.00 | 590.00 | 01 माह |
| 27 | वार्ड न0 01 अम्बेडकर नगर (रमपुरवा) में तिराहा से बालकमऊ तालाब तक नाली का निर्माण कार्य। | 464855.00 | 46486.00 | 590.00 | 01 माह |
| 28 | वार्ड न0 04 श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर (असवां) में राम गुलाम के घर के सामने स्थित कुएं का सौंदर्यीकरण का कार्य। | 207109.00 | 20711.00 | 590.00 | 01 माह |
| 29 | वार्ड न0 06 बालाजी नगर में टीकरडीह से साई का पूरा सम्पर्क मार्ग पर गिट्टी का कार्य। | 804863.00 | 80487.00 | 590.00 | 01 माह |
| 30 | वार्ड न0 08 लियाकत अली नगर (मुरादपुर रोही) में फूलचन्द्र के घर से गया के घर तक व अनीश के घर से इमरान ललता के घर होते हुए तालाब तक मिट्टी, इण्टरलाकिंग सडक व यू नाली का निर्माण कार्य। | 846879.00 | 84688.00 | 590.00 | 01 माह |
| 31 | वार्ड न0 13 स्वामी विवेकानन्द नगर (सैंता) में संतोष के घर से पप्पू के घर तक नाला का निर्माण कार्य। | 814931.00 | 81494.00 | 590.00 | 01 माह |
| 32 | वार्ड न0 13 स्वामी विवेकानन्द नगर (सैंता) में राम सिंह के घर से पुल तक नाला व कवर्ड स्लैब का निर्माण कार्य। | 843869.00 | 84387.00 | 590.00 | 01 माह |
| 33 | वार्ड न0 14 सौहार्द नगर के पीडब्लूडी डाक बंगला के सामने स्थित कुएं का सौंदर्यीकरण का कार्य। | 207109.00 | 20711.00 | 590.00 | 01 माह |
| 34 | वार्ड न0 02 राजा सुहेलदेव नगर (परसरा) मे स्थित एम.आर.एफ. सेन्टर में सी0एन0डी0 का कार्य। | 359973.00 | 35998.00 | 590.00 | 01 माह |
| 35 | वार्ड न0 02 राजा सुहेलदेव नगर (परसरा) मे स्थित एम.आर.एफ. सेन्टर में प्लास्टर, मिट्टी व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 806388.00 | 80639.00 | 590.00 | 01 माह |
| 36 | वार्ड न0 02 राजा सुहेलदेव नगर (परसरा) मे स्थित एम.आर.एफ. सेन्टर में वेट वेस्ट कम्पोज में स्टील ढांचा का कार्य। | 846188.00 | 84619.00 | 590.00 | 01 माह |
| 37 | वार्ड न0 19 धर्मराज नगर में स्थित कान्हा गौशाला में पम्प हाउस का कार्य। | 305722.00 | 30573.00 | 590.00 | 01 माह |
| 38 | वार्ड न0 24 शहीद गुलाब सेन नगर में 144 मीटर जी0आई0 पाइप लाइन का विस्तार कार्य। | 249137.00 | 24914.00 | 590.00 | 01 माह |
| 39 | वार्ड न0 03 गौतमबुद्ध नगर (बालकमऊ) में पेयजल हेतु 600 मीटर पाईप लाइन अण्डर ग्राउण्ड बिछाने का कार्य। | 846763.00 | 84677.00 | 590.00 | 01 माह |
| 40 | वार्ड न0 18 मोती लाल आजाद नगर में जानकी शरण त्रिपाठी के मकान से राहुल त्रिपाठी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 832682.00 | 83269.00 | 590.00 | 01 माह |

नियम/शर्तें:

1. उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी नगर पालिका परिषद, भरवारी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर उपरोक्त निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।
2. उपरोक्त निविदा में सम्मिलित निर्माण कार्यो में निदेशक महोदया, स्थानीय निकाय निदेशालय, लखनऊ के द्वारा निर्गत निर्देश पत्र संख्या टी.सी./314/8/डी.एल.बी./2020 दिनांक 01.01.2021 में निर्माण कार्यो हेतु उल्लिखित दिशा निर्देशो तथा अपर मुख्य सचिव महोदय, नगर विकास विभाग अनुभाग–9 उ0प्र0 शासन के द्वारा नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत में निर्माण/विकाय कार्यो हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) विषयक निर्गत शासनादेश संख्या 1319/नौ–9–21–45ज/21 नगर विकास विभाग, अनुभाग–9 लखनऊ दिनांक 30 जून, 2021 में वर्णित समस्त निर्देशो के साथ ही भिन्न–भिन्न समय में उच्चाधिकारियो के द्वारा निर्गत किये गये तथा भविष्य में निर्गत होने वाले समस्त दिशा निर्देशो का अनुपलन करना होगा।
3. उपरोक्त निविदा में स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के अन्तर्गत आने वाले **किसी भी शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से आमंत्रित की गयी है। निविदा के साथ किसी भी शासकीय विभाग में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में पंजीकृत होने के अद्यतन प्रमाण पत्र के मूल प्रति के साथ ही ठेकेदार/फर्म के द्वारा अपना अद्यतन वैध चरित्र प्रमाण पत्र (T-4), हैसियत प्रमाण पत्र (T-5), निर्धारित मूल्य (रू0 100) के स्टाम्प पेपर पर कार्य के नाम के स्पष्ट उल्लेख के साथ घाषणा पत्र (T-6), ळैज रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, श्रम विभाग में पंजीकृत होने के प्रमाण पत्र** की मूल प्रति निविदा प्रपत्र में स्पष्ट रूप से पठनीय हो, बन्द लिफाफे में जमा करना अनिवार्य होगा (जिससे निविदा में संलग्न प्रमाण पत्रो का परीक्षण किया जा सकें) अन्यथा सम्बन्धित की निविदा को निरस्त समझी जायेगी।
4. निविदा में सम्मिलित कार्यो के समान प्रकृति से जुड़े कार्य विषयक किसी एक या एक से अधिक शासकीय विभाग का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। सम्बन्धित कार्य के लिए वही अनुभव प्रमाण पत्र मान्य होगा जो सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म के द्वारा निविदा हेतु प्रस्तावित उपरोक्त कार्य की धनराशि या उससे अधिक धनराशि के संतोषजनक ढ़ग से कार्य को पूर्ण करने से सम्बन्धित विगत तीन वित्तीय वर्ष के अन्दर के हो तथा यही भी कार्य के प्रकृति के अनुरूप कार्य कराये जाने का अनुभव सम्बन्धित कार्य की निविदा में मान्य होगा।
5. निविदा में सम्मिलित डी.बी.एम. एवं बी.सी. सड़क के निर्माण हेतु सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म के स्वयं के यांत्रिक उपकरण एवं स्वयं के प्लान्ट के स्थान विषयक प्रमाण पत्र संलग्न करने के साथ पूर्व में उपरोक्त प्रकृति के कार्य कराये जाने का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा में सम्मिलित विद्युतीकरण कार्य हेतु निविदादाता ठेकेदार/फर्म का विद्युतीकरण कार्य कराये जाने का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा उपरोक्त विद्युतीकरण कार्य में अधिष्ठापित होने वाली लाइटे CAT-3 कटैगरी की (फिलिपस या हैवेल्स या क्राम्पटन मे से कोई) जिसके अनुरक्षण की अवधि पांच वर्ष की शर्त के साथ हो मान्य होगी।
7. निविदा में सम्मिलित पेयजल/पाईप लाइन से जुड़े कार्यो हेतु पूर्व में सामान धनराशि या उससे अधिक धनराशि के कराये गये कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. निविदा पर सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार द्वारा **सभी प्रपत्र प्रत्येक दशा में दृश्य एवं स्पष्ट रूप से पठनीय होने चाहिये**, डाक्यूमेंट दृश्य एवं स्पष्ट रूप से पठनीय नही होगे तो सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार की निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
9. निविदा में सम्मिलित प्रत्येक कार्य का निविदा शुल्क/जमानत धनराशि पृथक–पृथक जमा करना अनिवार्य होगा तथा निविदा शुल्क की ध नराशि फर्म/ठेकेदार के खाते या फर्म के प्रोपराइटर के खाते से जमा करने विषयक ऑनलाइन रसीद ही मान्य होगी।
10. निविदा शुल्क की धनराशि इण्डियन बैंक शाखा भरवारी IFSC कोड प्क्प्ठ000ठ770 खाता संख्या 21620409262 जो NP Bharwari Kaushambi के नाम से खुले बैंक खाते में जमा करना होगा तथा जमा धनराशि का प्रमाण निविदा खोलने के पूर्व ठेकेदारी विषयक स्वप्रमाणित प्रपत्रो व जमानत धनराशि की मूल प्रति के साथ सील बन्द लिफाफे में देना अनिर्वाय होगा, तभी निविदा मान्य होगी।
11. नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी के द्वारा पूर्व में आमंत्रित निविदा में सम्मिलित ऐसे ठेकेदार/फर्म जिनके पक्ष में L1 दर होने के कारण स्वीकृत पत्र जारी किया गया था, परन्तु अभी तक स्वीकृत पत्र जारी होने के बाद भी अनुबन्ध नही कराया गया है तो सम्बन्धित की निविदा पर विचार नही किया जायेगा तथा यह भी कि यदि अनुबन्ध कराया गया है तो कोई विभागीय समस्या होने के कारण उपरोक्त स्वीकृत कार्य सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म के द्वारा कार्य प्रारम्भ करने का इच्छुक होने पर भी वर्तमान में कार्य प्रारम्भ किया जाना सम्भव नही है, ऐसे कार्यो को छोड़कर सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म के पक्ष में स्वीकृत तीन या तीन से अधिक कार्य निविदा के प्रकाशन तिथि तक अपूर्ण/अधूरे है, कि निविदा पर विभाग द्वारा कोई विचार नही किया जायेगा।
12. निविदा खोलने से पूर्व निविदा प्रपत्र के साथ 10: जमानत धनराशि का FDR जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी के पदनाम से बन्धक हो, को मूल रूप में सम्बन्धित तकनीकी बिड खुलने के पूर्व ठीकेदार/फर्म के द्वारा निविदा के साथ स्कैन किये गये ठेकेदारी विषयक वांछित प्रमाण पत्रो की स्वप्रमाणित प्रति के साथ मूल रूप में जमा करना अनिवार्य होगा, अयंथा सम्बन्धित कार्य की तकनीकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। यह भी किसी भी कार्य की निविदा के साथ संलग्न जमानत धनराशि की थ्क्त की प्रति मात्र एक कार्य की निविदा में ही मान्य होगी अर्थात जमानत धनराशि के FDR में उल्लिखित धनराशि अधिक होने पर भी उपरोक्त जमानत धनराशि का FDR किसी अन्य कार्य की निविदा में मान्य नही होगी।
13. शासनादेश संख्या– 11593/नौ–5–2021–142सा/2021 नगर विकास अनुभाग–5, लखनऊ दिनांक 07.01.2022 के अनुसार अनुबंध गठन के समय 10 प्रतिशत बिलो (ठमसवू) दर तक 03.00 प्रतिशत तथा 10 प्रतिशत से अधिक बिलो (Below) दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति 0.50 प्रतिशत कम पर सिक्योरिटी/परफार्मेंस गारण्टी का अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी के पदनाम से बंधक युक्त FDR निविदा स्वीकृत पत्र निर्गत होने के एक सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर नियमानुसार अनुबन्ध का गठन कराना अनिवार्य होगा अन्यथा यह मानते हुए की आपके द्वारा निविदा बाधित करने के उद्देश्य से निविदा डाली गयी है मानते हुए आपके पक्ष में निर्गत स्वीकृत पत्र निरस्त करते हुए आपके निविदा के साथ जमा की गयी 10: जमानत धनराशि विभाग के पक्ष में जब्त करते हुए उपरोक्त निविदा में L2 दरदाता की निविदा के पक्ष में स्वीकृत करने हेतु कार्यवाही की जायेगी।
14. निविदा में किसी प्रकार की त्रुटि तथा सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी एवं अपूर्ण पाये जाने पर आशिंक रूप से या सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने अथवा संशोधन करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
15. निविदा में सम्मिलित निर्माण कार्यो हेतु जमा की गयी जमानत धनराशि को शासन द्वारा निर्गत मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) का निर्धारण पत्र संख्या 1319/नौ–9–21–45ज/21 दिनांक 30 जून, 2021 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार एक वर्ष तक कार्य संतोषजनक विषयक आख्या के अनुसार अवमुक्त किया जायेगा।
16. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् नियमानुसार निर्धारित मूल्य के स्टाप पेपर एवं निर्धारित प्रारूप पर स्वयं के व्यय पर सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म के द्वारा अनुबन्ध कराना होगा।
17. प्रत्येक स्वीकृत निर्माण कार्य के अनुबन्ध से पूर्व ठेकेदार को श्रम विभाग में अधिष्ठान पंजीयन एंव निर्माण श्रमिक पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा।
18. स्वीकृत कार्य के पूर्व, कार्य के दौरान एंव कार्य पूर्ण होने के बाद की कलर फोटो कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
19. कार्य समाप्त करने की दी गयी समयावधि का आधा समय बीत जाने या अधिकतम अनुबन्ध होने के एक माह के अन्दर सम्बन्धित ठेकेदार के द्वारा कार्य प्रारम्भ नही किया जाता है, तो उसके पक्ष में स्वीकृत निविदा निरस्त कर दिया जायेगा।
20. निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच/सत्यापन हो जाने के उपरान्त ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। यदि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पायी जायेगी तो सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म के द्वारा जमा जमानत/परफार्मेंस धनराशि जब्त करते हुए सम्बन्धि ात ठेकेदार/फर्म के विरूद्ध अन्य विभागीय कार्यवाही की जायेगी।
21. निविदाओं में अंकित कार्यो की मात्रा में परिवर्तन हो सकता है, जिसके लिये ठेकेदार/फर्म का कोई दावा मान्य नही होगा।
22. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र मे प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वय नियमित रूप से निविदा पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया कार्यालय से सम्पर्क करें।
23. उपरोक्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा तथा समस्त विवाद का न्यायिक क्षेत्र जनपद कौशाम्बी होगा।

| लेखा लिपिक | अवर अभियन्ता (सिविल) | अधिषाशी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका परिशद भरवारी, कौ□ाम्बी | नगर पालिका परिशद भरवारी, कौ□ाम्बी | नगर पालिका परिशद भरवारी, कौ□ाम्बी | नगर पालिका परिशद भरवारी, कौ□ाम्बी |

